**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-4500**

**दिनांक 27 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ**

**केरल में बिजली संयंत्रों की स्थापना**

**4500. श्री एम.के. राघवन:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को केरल में विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए केरल सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की केरल में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की कोई योजना और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार को केरल में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए राज्य सरकार से लिखित सहमति प्राप्त हुई है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत राज्य मंत्री**
**(श्री श्रीपाद नाईक)**

**(क) :** विद्युत मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। हालाँकि, विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 7 के अनुसार देश में विद्युत संयंत्र स्थापित करना एक गैर-लाइसेंस गतिविधि है। कोई भी उत्पादन कंपनी विद्युत अधिनियम 2003 के तहत लाइसेंस की आवश्यकता के बिना उत्पादन स्टेशन स्थापित, संचालित और अनुरक्षण कर सकती है, बशर्ते वह ग्रिड से कनेक्टिविटी से संबंधित तकनीकी मानकों का अनुपालन करती हो। किसी राज्य में विद्युत की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन क्षमता की उपलब्धता संबंधित राज्य सरकार/राज्य विद्युत यूटिलिटी के अधिकार क्षेत्र में आती है। विद्युत की मांग को पूरा करने के लिए, राज्य या तो अपनी स्वयं की उत्पादन क्षमता स्थापित कर सकता है या नए विद्युत संयंत्र की स्थापना के लिए बोली आमंत्रित कर सकता है।

**(ख) से (ग) :** वर्तमान में, केरल राज्य में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। यदि केरल सरकार अपनी बढ़ती हुई विद्युत मांग को पूरा करने के लिए राज्य में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखती है, तो भारत सरकार सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी।

****************